पाठ 4. चचा छक्कन ने केले खरीदे

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में प्रभावी संप्रेषण संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे शाब्दिक और गैर-शाब्दिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने में समर्थ हो सकें। चचा छक्कन मज़ेदार किस्म के इनसान हैं। बात करना, अपनी बात दूसरों पर थोपना और ढिठाई के साथ अपने मन की कर लेना, उनकी चारित्रिक विशेषताएँ थीं। इन्हीं बिंदुओं के इर्द-गिर्द कहानी घूमती दिखाई पड़ती है।

पाठ का सार

चचा छक्कन का परिवार बाहर गया है। घर के अंदर केवल वे और उनका नौकर बिंदो हैं। चचा बिंदो से बर्तन साफ़ करवा रहे हैं। तभी घर के पास फल बेचने वाला आवाज़ लगाता है। मोल-तोल के बाद चचा परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए दो-दो केले के हिसाब से एक दर्ज़न खरीद लेते हैं। चचा केले के शौकीन हैं इसलिए वे अपने हिस्से के दो केले तो खाते ही हैं, बाकी बचे दस केले भी खा जाते हैं। इन केलों के खाने का वे कोई-न-कोई तर्क अवश्य देते हैं। ताकि बिंदो यह न समझे कि चचा लालची हैं।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  आपके-हमारे संपर्क में आए चचा छक्कन जैसे व्यक्ति के विषय में कुछ बातें बताकर कहानी के लिए आधार तैयार किया जा सकता है। शब्दों के अर्थ बताते हुए पाठ का आदर्श व कहीं-कहीं अनुकरण वाचन भी कराया जा सकता है। पाठ पूरा होने पर संक्षेप में इसको दोहराते हुए छोटे-छोटे प्रश्न पूछे जा सकते हैं। उदाहरण के लिए—अब कितने केले शेष रहे?

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 93** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - **ज** और **ज़** में अंतर होता है, यह उच्चारण करके बताएँ। इसी प्रकार **फ** और **फ़** में अंतर समझाएँ। विलोम शब्द की परिभाषा दें और कुछ अन्य उदाहरण भी दें।
- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - पहले की मुद्राओं में संबंध बताएँ जैसे एक रुपया = चौंसठ पैसे, एक रुपया = सोलह आने, एक आना = चार पैसे। चवन्नी का अर्थ चार आने और अठन्नी का अर्थ आठ आने है। इस आधार पर इनके मूल्य पैसे में बताने को कहें।
  - केला पौष्टिक आहार है। इसके बारे में चर्चा करें।